बाधो, मास , वर्ष-10, अंक 150, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज गुरुवार 22 अगस्त, 2024

T M

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्व-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480



# मोटे अनाजों के उपयोग से सुधारें अपना स्वास्थ्यः डा0 प्रवीन चरन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज को बताई जातमी है। इस अवसर पर उन्होंने मोटे अनाजों की खेती एवं उपभोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि दैनिक जीवन में मोटे कार्यकम प्रसार निदेशालय के माध्यम से निरंतर संचालित किया जा रहा है जिसका क्षेत्र में उत्पादकता एवं कृषक आय में वृद्धि तत्व की प्रचुर मात्रा उपस्थित होती है जिससे बच्चों एवं वृद्धों के प्रचुर मात्रा मे इन पोषक तत्वों की प्राप्ति हो जाती है। इस तकनीक की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि दलहनी फसलों का क्षेत्र निरंतर कम हो रहा है परेतु दलहनी फसलों की




में दिनांक 20-24 अगस्त 2024 तक संचालित होने वाले सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन (आत्मा) योजनान्तर्गत जपनद -भदोही के कृषकों को पॉच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्धघाटन समारोह मे कृष्कों को सम्बोधित करते हुए निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कहा कि वर्तमान परिप्रक्ष्य में खाद्य सुरक्षा का मुख्य आधार कृषि के साथ-साथ आनुसांगिक फसलों को वैज्ञानिक उत्पादन एवं उपभोग है। कृषकों को वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक की जानकारी प्रशिक्षण कार्यकम के माध्यम से प्रदान करना प्रसार निदेशालय के मुख्य उद्यदेश्यों में सम्मिलित है। जहॉ पर विश्वविद्यालय का ध्येय करो और सीखो है जो न सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्रों अपितु प्रशिक्षणाथी कृषकों अनाजों के उपयोग से न सिर्फ स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें दूर की जा सकती हैं अपितु इसके उत्पादन के द्वारा कृषक आर्थिक स्तर पर उन्नत हो सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में निदेशक विकास डा0 रीतू प्रकाश दूबे ने कृषकों को बताया कि यह विश्वविद्यालय विगत शताब्दी से कृष्कों की सेवा में कार्यरत है एवं शोध, शिक्षण एवं प्रसार के माध्यम से कृषकों के बीच अपनी एक अलग चहचान स्थापित कर चुका है। यह विश्वविद्यालय भारत ही नही एशिया महाद्धीप का सबसे पुराना कृषि संस्थान है जिसमें कृषकों को कृषि की प्रयोगिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संस्थान के विश्वविद्यालय के रुप में स्थापित होने के उपरांत उ0प्र0 सरकार के सहयोग से कृषकों का कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्रों मे प्रशिक्षण का के रुप में प्रदर्शित होना आरम्भ हो चुकाहै। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिकों के कृषकों हेतु उपयोगी ज्ञान से प्रभावित होकर विन्ध्यांचल एवं प्रयागराज मण्डलों के कृषक इस विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण हेतु सदैव तत्पर रहते है। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 शिशिर कुमार ने मोटे अनाजों की उपयोगिता के बारे मे बताते हुए कहा कि मोटे अनाजों के दैनिक उपयोग से ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण की समस्या को प्रभावी रुप से दूर किया जा सकता है। मोटे अनाजों में कैल्शियम प्रचुर मात्रा में उपस्थित रहता है जिसके सेवन से महिलओं में गर्भावस्था के समय हिडयों में होने वाली समस्याओं को दूर किया जा सकता है साथ ही अन्य मोटे अनाजों में लौह अवसर पर उन्होने माटे अनाजों के प्रसंस्कृत उत्पादों को घरेलू एवं व्यवसायिक स्तर पर तैयार करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सुयुक्त निदेशक प्रसार डा0 ए.के. चौरसिया ने किसानों को बताया कि अच्छा उत्पादन प्रप्त करने मे शुद्ध बीज एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उच्च गुणवत्ता वाले बीज फसल का उत्पादन बढाने के साथ-साथ उत्पादन लागत भी कम कर सकते है, उन्होने कृषकों को विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे बीज उत्पादन कार्यकम के साथ-साथ बीज उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 मनीष कुमार केसरवानी ने कृषकों को खरीफ दलहनी फसलों की उत्पादन मल्य वृद्धि बाजार मे नितंर हो रही है। उन्होनें कृषकों से दलहनी फसलों की खेती का क्षेत्रफल बढाने के साथ ही आळवान किया कि दलहनी फसलों मे जैव उर्वरकों के प्रयोग से इसकी उत्पादकता में कम खर्च में अत्यधिक वृद्धि की जा सकती है। प्रशिक्षिण समन्वयक डा0 शिशिर कुमार ने प्रतिभागी कृषकों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी एवं वमी कम्पोस्ट तैयार करने की विधि बतायी। वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कृष्कों को जैविक खेती पर जानकारी दी एवं वमी कम्पोस्ट तैयार करने की विधि बतायी। वैज्ञानिक डा0 सरवेन्द्र कुमार ने खरीफ तिलहनी फसलों सोयाबीन, मॅूगफली एवं तिल की उन्नत खेती पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंम अवसर पर प्रसार निदेशालय के समस्त वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे।

# एससी एसटी आरक्षण को संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल किया जाए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**फूलपुर ।** 21 अगस्त को भारत बंद के विभिनन्संगठनों के आवाह्व की वकालत करते हुए फूलपुर के



अधिवक्ताओं ने भी फूलपुर कस्बे में जुलूस निकालकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी एसटी वर्ग के उपवर्गीकरण व क्रीमी लेयर लागू करने के फैसले को निरस्त करने हेतु संविधान संशोधन लाने व एससी एसटी आरक्षण को संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर हुकांर भरी। तत्पश्चात तहसील वापस आकर एसडीएम तपन मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक फूलपुर थाना प्रवीण कुमार को एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति भारत को संबोधित सौपां गया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक अगस्त 24 को दविंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले में एक फैसला दिया गया। जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आरक्षण का उपवर्गीकरण और इसमें भी क्रीमीलेयर निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को दिया गया। इस फैसले से बहुजन समाज काफी आहत हुआ। इस फैसले से राज्य सरकारों को एससी एसटी के कोटे की भर्तीयो में मनमानी करने का अवसर मिल जाएगा। यदि सरकार एससी एसटी की हितैषी है तो तत्काल संसद सत्र बुलाकर दविंदर सिंह बनाम पंजाब राज मामले में एक अगस्त के फैसले को पलटते हुए संविधान संशोधन लाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से शमीम अहमद एडवोकेट अरविंद यादव एडवोकेट लाल बहादुर सत्यनारायण वीरेंद्र कुमार यादव प्रकाश चंद बृजेश गौतम मोहम्मद इजहार सौरभ यादव उमेश गौतम खुशी लाल मौर्य मोहम्मद शारिब बड़े लाल भारतीया राजेंद्र भारतीय कुलदीप गौतम दिलीप आजाद विक्रम सिंह प्रजापति आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं के बल पर उपचुनाव जीतेगी समाजवादी - बासुदेव यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**फूलपुर ।**फूलपुर प्रयागराज नगर पंचायत फूलपुर मोहल्ला फरीदाबाद




में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपनन् हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कमला यादव ने किया बैठक में पूर्व विधान परिषद सदस्य वासुदेव यादव ने कहा कि फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में सभी कार्यकर्ता लग जाए यह चुनाव 2027 चुनाव का सेमीफाइनल चुनाव है इस चुनाव से विधानसभा आम चुनाव को संदेश देगा श्री वासुदेव यादव ने कहा कि भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार ने सिर्फ भोली भाली जनता को गुमराह करने का कार्य किया है महंगाई बेरोजगारी इस सरकार में आम बात हो गई है आए दिन बेटियों महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है यह सरकार निरंकुश हो गई है अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की सरकार में हुए विकास कार्यों को याद कर रही है बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज के छात्रों को लैपटॉप बेरोजगार नौजवानों को रोजगार महिलाओं की सुरक्षा एवं समाजवादी पेंशन योजना किसानों को मुक्त खाद बीज पेंशन जैसे सर्व समाज के लिए अनेकों योजनाओं से लाभान्वित किया था उसी की याद दोहराते हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से अब कोई नहीं रोक सकता इस दौरान सभासद अरशद उल्लाह,सौरव यादव, कुमार, मंगल मोहिद अंसारी, अतीक अंसारी, फिरोज राइन, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहें।












# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि में इनोवेशन के अवसरों की संभावना तलाशेगा ऑस्ट्रेलिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और भारत चार दशकों से कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए लगातार साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, अब ऑस्ट्रेलिया ने भारत में कृषि क्षेत्र में अपनी सहभागिता को आगे बढ़ा रहा है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन इस हफ्ते भारत में कृषि प्रौद्योगिकी (एगटेक) कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व



करेंगे, जो साझेदारी बनाने और नवाचार के अवसरों की संभावना तलाशेगा। प्रतिनिधिमंडल में डेयरी, अनाज, बागवानी, फूलों की खेती और पशुपालन सहित विभिन्न क्षेत्रों से ऑस्ट्रेलियाई एगटेक कंपनियां, विश्वविद्यालय और निवेशक शामिल हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, निवेश न्यू साउथ वेल्स के संयोजन में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रमुख ऑस्ट्रेलिया भारत बिजनेस एक्सचेंज कार्यक्रम द्वारा संचालित प्रतिनिधिमंडल, सरकार और उद्योग निकायों के साथ-साथ फार्म साइट के दौरे के लिए दिल्ली, नोएडा, लखनऊ और बेंगलुरु का दौरा करेगा। लखनऊ में, प्रतिनिधिमंडल एगटेक में रणनीतिक साझेदारी और तालमेल का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। मिशन का समापन भारत के सबसे बड़े एगटेक सम्मेलन, एग्री टेक इंडिया 2024 में भागीदारी के साथ बेंगलुरु में होगा। यह यात्रा भारत के एगटेक पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में ऑस्ट्रेलिया की स्थिति और नए व्यापार अवसरों और सहयोगी उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कृषि, ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ उच्चायुक्त ग्रीन ने बयान में कहा कि कृषि, ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और ऑस्ट्रेलिया के पास कृषि विशेषज्ञता के मामले में बहुत कुछ मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह उत्पादकता, स्थिरता और खाद्य प्रणाली टिकाऊपन बढ़ाकर भारतीय खाद्य सुरक्षा में सुधार कर सकता है।

## बंगाल से लेकर 15 राज्यों में आज झमाझम बारिश का अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश का



दौर जारी है। दिल्ली में लगभग हर दिन ही अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इस बीच, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 21 अगस्त को मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, केरल, असम और मेघालय में भारी वर्षा की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, ने दिल्ली-एनसीआर को लेकर भविष्यवाणी की है कि बुधवार को भी राष्ट्रीय राजधानी में सामान्यतया बादल छाए रहेंगे। आसमान में गर्जन वाले बादल बनने और हल्की वर्षा होने के आसार हैं। दिल्ली के अलावा, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। देश पिछले कुछ दिनों से मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं यूपी-बंगाल और झारखंड समेत 15 राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा छ्व्र-ने मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश की उम्मीद जताई है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को सामान्यतया बादल छाए रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी के लिए मौसम पूर्वानुमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन दिनों के लिए भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि आने वाले पांच दिनों में बारिश की संभावना है। बिहार में आज 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा बाकी जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। लोगों को खुले में जाने से बचने की सलाह दी गई है। वहीं बीते 24 घंटों में पटना समस्तीपुर समेत कई जगह भारी बारिश दर्ज की गई। बिहार के चार जिलों के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया में भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सावधान रहने की अपील की गई है। खासकर किसानों को चेतावनी जारी की गई है। अगले 24 घंटों के दौरान, लक्षद्वीप, मध्य महाराष्ट्र, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और असम और मेघालय में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। इन राज्यों के अलावा, विदर्भ, गंगीय पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

## वायनाड भूस्खलन में 17 परिवार पूरी तरह खत्म सीएम बोले- किराए के घरों में रहने वालों को किराया देगी सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तिरुअनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने मंगलवार को बताया कि वायनाड



आपदा में अब तक 179 शवों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन में 17 परिवार पूरी तरह तबाह हो गए, इनका कोई सदस्य सुरक्षित नहीं बचा है। इन परिवारों के 65 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वायनाड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 729 परिवार राहत शिविरों में हैं। इनमें से 219 परिवार शिविरों में रह रहे हैं, जबकि अन्य किराए के आवास या पारिवारिक घरों में चले गए हैं। सरकार किराए के घरों में रहने वालों को किराया सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वायनाड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 729 परिवार राहत शिविरों में हैं। इनमें से 219 परिवार शिविरों में रह रहे हैं, जबकि अन्य किराए के आवास या पारिवारिक घरों में चले गए हैं। सरकार किराए के घरों में रहने वालों को किराया सहायता प्रदान करेगी। वहीं, त्रिपुरा में तीन से चार स्थानों पर लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि दो ग्रामीण लापता हो गए। राजस्व विभाग के सचिव बृजेश पांडे ने बताया कि दक्षिण त्रिपुरा जिले में पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि गोमती और खोवाई जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि लापता होने के दो मामले खोवाई और गोमती जिलों से सामने आए हैं। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि प्रभावित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के प्रयास चल रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले पर उठाया सवाल कांग्रेस के 100 करोड़ के आयकर नोटिस से जुड़ा है मामला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले पर सवाल उठाया है जिसमें कांग्रेस को 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए आयकर मांग नोटिस पर रोक लगाने के लिए पर सवाल उठाया है जिसमें कांग्रेस को 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए आयकर मांग नोटिस पर रोक लगाने के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण (आइटीएटी) का रुख करने को कहा गया



आयकर अपीलीय अधिकरण (आइटीएटी) का रुख करने को कहा गया है। जस्टिस बीवी नागरतन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हाई कोर्ट के 13 मार्च के आदेश के खिलाफ कांग्रेस की याचिका पर नोटिस जारी किया। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अधिकरण राजनीतिक दल की अपील पर सुनवाई कर सकता है।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले है। सुप्रीम कोर्ट ने ने हाई कोर्ट के 13 मार्च के आदेश के खिलाफ कांग्रेस की याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा- ' हाई कोर्ट ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ अपील किए जाने पर याचिकाकर्ता यानी कांग्रेस को कैसे कह सकता है कि वह वापस ट्रिब्यूनल के पास जाए हाई कोर्ट ने अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करके सही नहीं किया।

## अगले दौर के चंद्र मिशन के लिए डिजाइन तैयार, इसरो प्रमुख ने बताया, कब होगा लॉन्च

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले दौर के चंद्र मिशन - चंद्रयान- 4 और लिए डिजाइन को तैयार कर लिया है। सरकार की मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्र सतह पर साफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा की मिट्टी को पृथ्वी



चंद्रयान- 5 - के लिए डिजाइन को तैयार कर लिया है। सरकार की मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्र सतह पर साफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा की मिट्टी को पृथ्वी पर लाना शामिल है।अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय अंतरिक्ष संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा, चंद्रयान-3 के बाद अब चंद्रयान- 4 और चंद्रयान-5 का डिजाइन तैयार हो चुका है। हम सरकार की मंजूरी मांग रहे हैं।इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले दौर के चंद्र मिशन - चंद्रयान- 4 और चंद्रयान- 5 - के पर लाना शामिल है। इससे पहले इसरो अधिकारियों ने कहा था कि वर्ष 2028 में चंद्रयान-4 मिशन लांच करने का लक्ष्य है। सोमनाथ ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी अगले पांच वर्षों में 70 उपग्रहों को लांच करने की योजना बना रही है। इनमें क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली नाविक के लिए चार उपग्रह, इनसेट 4डी मौसम उपग्रह, रिसोर्ससेट सीरिज के उपग्रह, रिमोट सेंसग और उच्च रिजोल्यूशन इमेजग के लिए कार्टोसेट उपग्रह शामिल हैं। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी अगले पांच वर्षों में पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों को लांच करने की भी योजना बना रही है। उन्होंने कहा, गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन इस साल दिसंबर में लांच किया जाना है।

## कोलकाता प्रकरण पर राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति से मिले बंगाल के राज्यपाल, नड्डा और अमित शाह से भी करेंगे मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में तनावपूर्ण हालात के बीच बंगाल के राज्यपाल सीवी



आनंद बोस ने राजधानी दिल्ली आकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की है। ऐसा समझा जाता है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आरजी कर मेडिकल कालेज में हुई जघन्य वारदात को लेकर राष्ट्रपति मुर्मु और उप राष्ट्रपति धनखड़ से गहन चर्चा की है। ममता बनर्जी के शासनकाल में कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर भी बंगाल के राज्यपाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मिलेंगे।कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर बंगाल के राज्यपाल सीवी बोस ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। वहीं बंगाल के राज्यपाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मिलेंगे। 15 अगस्त को राज्यपाल ने अस्पताल का दौरा करके हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों से बातचीत की थी। यह बात भी गौर करने की है कि राज्यपाल हाल-फिलहाल की स्थितियों पर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी के रवैया पर अपनी आपत्ति जता चुके हैं। जब से कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कालेज की वारदात सामने आई है, बड़ी सुरक्षा खामियां सामने आई हैं। उस पर राज्य सरकार मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल और पुलिस कमिशन्र का बचाव करती आ रही है। कोलकाता पुलिस ने पूरे जी-जान से जांच को प्रभावित करने की कोशिश की है।

## भारत-जापान में टू प्लस टू वार्ता, हिंद प्रशांत क्षेत्र के साथ सैन्य सहयोग से जुड़े तमाम मुद्दों पर भी हुई चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और जापान के रक्षा व विदेश मंत्रियों की अध्यक्षता में हुई टू प्लुस टू वार्ता मंगलवार को उपस्थित थे। यह दोनों देशों के बीच तीसरी टू प्लुस टू वार्ता थी। इस तरह की वार्ता भारत बहुत ही गिने चुने देशों के साथ करता है और



संपन्न हुई। बैठक में कूटनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी व सैन्य सहयोग से जुड़े तमाम मुद्दों पर बात हुई है। वैसे हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और इस समूचे महासागरीय क्षेत्र में नौवहन व परिवहन की आजादी व स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दे खास तौर पर उठे बैठक को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान के रिश्ते मोटे तौर पर मुक्त, आजाद व कानून सम्मत हिंद प्रशांत क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जापान के विदेश मंत्री कामिकावा योको और रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा जापान भी कुछ ही देशों के साथ इस तरह की उच्चस्तरीय समग्र वार्ता करता है। जयशंकर ने कहा -'पिछले एक दशक में हमारे रिश्तों ने विशेष रणनीति व वैश्विक साझेदारी का रूप ले लिया है। जिस तरह से हमारे हितों का विस्तार हो रहा है व गतिविधियां बढ़ रही हैं, उसके मद्देनजर ही हमारे रिश्ते भी रूप ले रहे हैं। अभी हम दोनों देश एक अस्थिर दुनिया की तरफ बढ़ रहे हैं तब हमें भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत है। ऐसे में हमें एक-दूसरे के प्रयासों में मदद करनी चाहिए और एक-दूसरे की स्थिति को मजबूत करना चाहिए।' जयशंकर ने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है और इसमें हम घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने की भी मंशा रखते हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जापान के साथ सैन्य क्षेत्र में सहयोग बहुत ही जरूरी होगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में हमारे बीच जो संबंध बन रहे हैं, वह काफी प्रशंसनीय है। वर्ष 2022 में दूसरी टू प्लुस टू वार्ता में सैन्य संबंधों को लेकर जो फैसले किए थे, उनमें काफी अच्छी प्रगति हुई है। कुछ मामलों में तो उम्मीद से भी बेहतर प्रगति हुई है। दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो रहा है। पहली बार एक ही वर्ष में तीनों सेनाओं के बीच अभ्यास हुए हैं। दोनों देशों के बीच डिफेंस डायलॉग की शुरुआत भी हो चुकी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में तकनीकी वार्ता में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत घरेलू रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की तरफ अग्रसर है और जापान के साथ साझेदारी भारत को सैन्य निर्माण में एक वैश्विक हब बनाएगी। हम हिंद प्रशांत क्षेत्र में एक समान विचार रखते हैं। आज की बैठक में इस पूरे क्षेत्र को स्थिर बनाने को लेकर खास तौर पर बात हुई है। हम इसको लेकर प्रतिबद्ध हैं।

## मलयालम फिल्म इंडस्ट्री का खुल गया काला सच, अभिनेत्रियों के साथ होता था यौन उत्पीड़न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तिरुअनंतपुरम।** मलयालम सिनेमा की बेहद दागदार तस्वीर की बानगी जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट में मिली है। पांच साल बाद इसके सामने आते ही फिल्म उद्योग में ही नहीं केरल के राजनीतिक गलियारों में भी भूचाल आ गया। मलियाली फिल्म अभिनेत्रियों के यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की कहानी रिपोर्ट के हरेक पन्नें पर बयान होती है। 2017 में फिल्म अभिनेता व निर्माता दिलीप के अभिनेत्री भावना मेनन के खिलाफ यौन हिंसा मामले के बाद केरल सरकार की गठित इस कमेटी की रिपोर्ट जारी होते ही कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन यूडीएफ और भाजपा ने वामदलों की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। साथ ही पिनरई विजयन सरकार पर आरोप लगाया कि वह पीड़िताओं का साथ देने के बजाय फिल्मोद्योग के 'शिकारियों' के साथ है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।



सोमवार को जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट सामने आई। पीटीआई के मुताबिक इस रिपोर्ट में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न की बात कही गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि महिलाओं को यौन संबंधों की मांग के साथ काम दिया जाता है विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने आरोप लगाया कि सरकार आरोपित की निजता छिपाना चाहती है। साथ ही प्रशासन से आग्रह किया कि वह हेमा कमेटी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करें। सतीसन ने संवाददाताओं से कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत हमले और यौन उत्पीड़न के मामले हो रहे हैं और प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक मंत्री सजी चेरियन कह रहे हैं कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक फिल्म समागम किया जाएगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर केरल सरकार के कार्रवाई नहीं करने पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह शर्मनाक और स्तब्धकारी है कि सरकार पांच साल इस रिपोर्ट पर बैठी रही और अब बहुत दबाव पड़ने के बाद जारी की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी.मुरालीधरन ने चेरियन पर प्रहार करते हुए कहा कि ऐसी रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करके खुद संस्कृति मंत्री ने अपराध किया है। चेरियन को इस्तीफा देना चाहिए। अभिनेता से नेता बने परिवहन मंत्री केबी गणेश कुमार ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट पढ़ी नहीं है, सरकार जरूरी कार्रवाई करेगी। सोमवार शाम को जारी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मलियाली फिल्म उद्योग को एक आपराधिक गैंग चला रहा है।

## केंद्र सरकार ने लेटरल भर्ती को किया रद्द आरक्षण के लिए समीक्षा के साथ होंगे सुधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में कुछ उच्च व विशेषज्ञ पदों पर नियुक्ति के लिए निकली भर्ती राजनीतिक गर्मी का शिकार हो गई। यूपीएससी ने इस




प्रक्रिया के तहत 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव,निदेशक और उप सचिव के 45 प्रशासनिक पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति को विज्ञापन को रद्द कर दिया है। 17 अगस्त को इसके लिए विज्ञापन जारी करने के बाद से ही कांग्रेस समेत विपक्षी दल ही नहीं बल्कि कुछ सहयोगी दलों ने भी आरक्षण को लेकर सवाल खड़ा किया था। उनका कहना था कि इस भर्ती प्रक्रिया में एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण का प्रविधान नहीं है। मंगलवार को चौंकाने वाले घटनाक्रम में केंद्रीय कार्मिक मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की प्रमुख प्रीति सूडान को चिट्ठी लिखकर कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि कोई भी भर्ती सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के आधार पर हो।केंद्र सरकार में कुछ उच्च व विशेषज्ञ पदों पर नियुक्ति के लिए निकली भर्ती राजनीतिक गर्मी का शिकार हो गई। यूपीएससी ने इस प्रक्रिया के तहत 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिवनिदेशक और उप सचिव के 45 प्रशासनिक पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति को विज्ञापन को रद्द कर दिया है।उनका कहना था कि इस भर्ती प्रक्रिया में एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण का प्रविधान नहीं है। चूंकि यह सारी भर्ती एकल पदों के लिए हैं और इसमें आरक्षण लागू नहीं हो सकता है इसलिए इसे वापस लेने का आग्रह है। तत्काल बाद यूपीएससी ने भर्ती विज्ञापन वापस ले लिया। जब अलग अलग विभागों के लिए एक एक पद की भर्ती होती है तो उसे एकल पद वैकेंसी कहा जाता है। जितेंद्र सिंह के अनुसार, 2014 के पहले लेटरल एंट्री वाली ज्यादातर नियुक्तियां बिना किसी तय प्रक्रिया के की गई थीं, जिनमें जमकर पक्षपात किया गया था, लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप दिया है। जितेंद्र सिंह ने चिट्ठी में लिखा कि पीएम मोदी के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण सामाजिक न्याय के ढांचे की एक मूलभूत अनिवार्यता है। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त करना और समानता को बढ़ावा देना है। चूंकि यह एकल पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति की प्रक्रिया है, इसलिए इसमें आरक्षण की व्यवस्था का प्रविधान नहीं है। इस पहलू की समीक्षा की जरूरत है और इसमें सामाजिक न्याय पर पीएम के फोकस के अनुरूप सुधार किया जाएगा।



## सेना पर बढ़े आतंकवादी हमले के पीछे क्या है मंशा आतंकी संगठन को सता रहा बड़ा डर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में हाल के महीनों में सेना और सुरक्षा बलों पर तेज हुए आतंकी हमले एक विशेष रणनीतिक मंशा से किए जा रहे



हैं। सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार इसके पीछे आतंकवादियों की मंशा सेना और राज्य की पुलिस-सुरक्षा एजेंसियों के बीच अविश्वास की खाई पैदा करना है। आतंकवाद विरोधी ऑपरेशनों में बीते सालों में सेना और राज्य पुलिस के बीच आपसी सहयोग व समन्वय से आतंकियों के स्थानीय नेटवर्क को काफी हद तक ध्वस्त करने में सफलता मिली है।सुरक्षा व खुफिया एजेंसियां का आकलन है कि जम्मू क्षेत्र में आकर सेना को निशाना बनाने की आतंकवादियों की इस रणनीति की एक बड़ी वजह आतंकवाद के स्थानीय नेटवर्क का कमजोर होना है। आतंकवादी जम्मू और घाटी दोनों जगह अपना स्थानीय तंत्र कमजोर नहीं पड़ने का संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं।आतंकवादियों की मंशा सेना और राज्य की पुलिस-सुरक्षा एजेंसियों के बीच अविश्वास की खाई पैदा करना है। इसके मद्देनजर सीमा पार पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठनों ने अब हमले के लिए जहां अफगान तालिबान द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों को जम्मू और कश्मीर घाटी में ताजा हमलों को अंजाम देने के लिए भेजना शुरू किया है वहीं सेना को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इन आतंकियों में पाकिस्तानी ही नहीं कुछ अफगानी मूल के भी आतंकवादी हैं।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र

# छात्राओं में वितरित हुए टैबलेट हुई प्रसन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बिंध कन्या पी0जी0 कालेज राबट्र्सगंज में सनतकोत्तर की सैकड़ो छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सभासद अनवर अली , पुष्पा सिंह व प्राचार्या डॉ0 अंजली विक्रम सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को टैबलेट वितरण करने के पश्चात् सम्बोधित करते हुए कहा की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद युवाओं के डिजीटल सशक्तिकरण और उत्तर प्रदेश की बेहतर शिक्षा प्रणाली के लिए उत्तर प्रदेश सरकान ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में डिजी शक्ति योजना शुरू की है। इसी योजना के अन्तर्गत छात्रो को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने छात्राओं को टैबलेट वितरित करने की योजना बनायी हैं। आगे उन्होने कहा की भारत तेजी से पूर्ण डिजीटलीकरण की ओर बढ़ रहा है। यह योजना छात्राओं के लिए शिक्षा के लिए नये द्वार खोलने के साथ-साथ नौकरी के अवसर भी देने में मदद करेगी। विशिष्ट अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की यह टैबलेट छात्राओं को वेब और मोबाइल एप्प पर उपलब्ध विभिनन्‍ शैक्षिक पाठ्यक्रम सामग्री तक पहुंचने उनकी रूचि के विभिनन्‍ विषयो में गहन अध्ययन करने और दुनिया भर में विज्ञान प्रौद्योगिकी आज के क्षेत्र में विकास को सीखने में मदद करेगा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा की यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। छात्राओं को इस टैबलेट से बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी। उन्हाने ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य ट्रस्टी डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 कैलाश नाथ, डॉ0 मालती शुक्ला, अनीश, पंकज सिंह, कीर्ति, रश्मि, गरिमा व सभी शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित थे।



# वृक्षों का हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान - आशु

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार को घोरावल विधानसभा के कर्मा ब्लॉक के जोकाही में वृक्ष लगाकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि सोनभद्र जनपद के अंदर लगातार ठराजीव गांधी वृक्षारोपण अभियानठ के तहत हम लोग वृक्ष लगाने का काम कर रहे हैं शिर्ष नेतृत्व द्वारा अभियान चलाया गया है । हम सबके लिए बहुत आवश्यक है की पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी आगे आये। अगर देखा जाय तो अब प्रचुर मात्रा में वृक्ष नहीं है,इसी कारण मौसम भी अब सही नहीं रहता । बरसात समय पर होने के लिए भी वृक्षों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है ,पहले के समय में हम लोग सड़क से जाया करते थे तो जगह-जगह वृक्ष सड़को के किनारे दिखा करते थे जो गर्मी में लोगों को धूप से बचाया करते थे लेकिन अब देखें तो दूर-दूर तक देखने को नहीं मिलते, क्योंकि इनका कटान तो भारी मात्रा में हुआ लेकिन उन स्थानों पर जहां वृक्ष काटे गए दोबारा वृक्ष उस मात्रा में नहीं लगे ,इसलिए हम सभी का नैतिक दायित्व होता है कि कम से कम हम सभी लोग एक वृक्ष जरुर लगाए।कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि अगर हम सभी अपने वार्डों में भी एक-एक वृक्ष लगाए तो यह भी, पर्यावरण के लिए अच्छा योगदान रहेगा, वही युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने कहा नौजवानों को भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में घोरावल विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौबे, कमलेश चंद्रवंशी, विजय खरवार, गणेश भारती, केशव चंद्रवंशी, प्रवेश बियार, अनिल कुमार रहे।




# जनपदीय विद्यायालयी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**जनपदीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024- 25 का सफल आयोजन राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र द्वारा विशिष्ट स्टेडियम तियरा , सोनभद्र में हुआ प्रतियोगिता का सफल संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह के निर्देशन पर प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह व क्रीड़ा सचिव सुनील कुमार राव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को संपनन्‍ कराने हेतु क्रीड़ा अध्यापक संतोष यादव, राहुल त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद, रूमा रानी, प्रेम सिंह व दिवाकर सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया। विशिष्ट स्टेडियम तियरा के क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला प्रथम स्थान पर रहा। जिन्होंने 2-0 से शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ओबरा को हराया। शहाबुद्दीन व अशफाक ने एक-एक गोल किया। अंडर 14 में भी आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला ने पेनाल्टी शूटआउट में विजय प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज को वाक ओवर दिया गया व अंडर -19 बालिका वर्ग में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला को भी वॉक ओवर दिया गया। प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाडि़यों को दिनांक 27 अगस्त को मंडलीय प्रतियोगिता के लिए विशिष्ट स्टेडियम तियरा, सोनभद्र में प्रतिभाग करना है। मंडलीय प्रतियोगिता का भी आयोजन राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज ही कर रहा है।



# सपाइयों ने आरक्षण को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** आरक्षण को लेकर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रमेश कुमार बागी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति नामित ज्ञापन एडीएम व एएसपी को सौंपा सादर अवगत कराना है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 01 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति/ जनजाति आरक्षण मामले में केन्द्र सरकार / राज्य सरकारों को डायरेक्शन दिया है कि सरकारें आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर की व्यवस्था लागू करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह डायरेक्शन असवैधानिक है। इसी मामले को लेकर अनुसूचित जाति/ जनजाति संगठनों ने पूरे देश में भारत बन्द करने का आवाहन किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय अपना फैसला वापस लें/ केन्द्र सरकार कानून बनाकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला रद्द करें। हमारी मांगे निमनलिखित हैं :- 1. मा0 सर्वोच्च न्यायालय अपना असवैधानिक फैसला वापस लें। 2. भारत सरकार कानून बनाकर मा0 सर्वोच्च न्यायालय का डायरेक्शन रद्द करें। 3. भारत सरकर अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करे 4. अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं होनी चाहिए। 5. 6. अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण में वर्गीकरण की व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए 7. जजों की नियुक्ति में आरक्षण लागू किया जाय। 8. राज्य सभा व विधान परिषद में भी आरक्षण लागू किया जाय। 9. प्राईवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू किया जाय। 10. लेटरल इन्ट्री बिना परीक्षा आई0ए0एस0 बनाना खत्म किया जाय या इसमें भी आरक्षण लागू, किया जाय अतः सानुरोध निवेदन है कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी मांगे पूरी की जाय। अन्यथा हम सभी आगे की अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व विधायक परमेश्वर दयाल राजकुमार संघर्षी बबलू धागर जेपी भारती लल्लू भारती इंद्रदेव भारती शिव शंकर खरवार अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।



# पुलिस भर्ती परीक्षाः सेंट्रो का निरीक्षण कर जाना हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को लेकर जनपद सोनभद्र में 6 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 23 24 25 30 31 को पुलिस परीक्षा होनी है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कवायत तेज कर दिया गया है। एडीएम सहदेव मिश्र व एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि आगामी जनपद में 23 24 25 30 31 को पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में 6 सेंटरों पर होनी है जिसको लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेकिन्क जीजीआईसी इंटर कॉलेज राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज आदर्श इंटर कॉलेज महिला महाविद्यालय चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर संबंधित सुरक्षा व्यवस्था साफ सफाई अपनी लाइट सीसीटीवी संबंधित जानकारी ली गई और संबंधितों से वार्ता कर उचित दिशा निर्देश दिए गए श्री सिंह ने बताया कि जिले में होने वाली परीक्षा शांति व्यवस्था के साथ कराई जाएगी जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम कर लिया गया है जिले में ऐलाइयू , इंटेलिजेंट टीम में सक्रिय कर दी गई है हर जगह सरकारी स्टैंड व रोड वेज ,रेलवे स्टेशनों पर होटल, पर विशेष निगाहें बरती जा रही हैं।



# कमीशन के होड में बिलो रेट पर ठेकेदारों द्वारा डाले जा रहे टेंडर बार बार निरस्त करने का जिम्मेदार कौन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र ।** कमीशन की होड़ विकास में बाधक , की कहानी चरितार्थ होने लगी, वही नगरपंचायत में कमीशन का चक्कर विकास में बाधक बन गया। लगातार वार्ड 2,4,10 में मुख्यमंत्री नंगर सृजन योजना के तहत हुए टेंडर प्रक्रिया में बदलाव से नंगर वासी सुविधाओ की राह देख रहे है। लगभग 6 माह से ज्यादा समय बीतने को चले फिर भी नगर पंचायत डाला बाजार में टेंडर प्रक्रिया का निष्कर्ष नही निकल सका। जिन कार्यों को टेंडर में समय दिया जाता रहा है कि कार्यों की गुडवक्ता की देख रेख 3 से 5 साल तक यदि कार्यों में दिक्कत आयी तो देख रेख सम्बन्धित फर्म द्वारा कराया जाएगा। लेकिन कमीशन के होड़ में इसकी कोई अवश्यकता नजर नही आयी। जानकारी के अनुसार नगरपंचायत - डाला बाजार में जिन फर्म के ठेकेदारों द्वारा विकास कार्यों के टेंडर यदि 18ड्ढ से 20ड्ढ बिलो रेट पर डाला गया हो तो, जिम्मेदार टेंडर ही निरस्त कर दे रहे। ऐसे में नगरपंचायत चर्चाओ और सुखिर्यों का बाजार गर्म किये हुए है। नगर पंचायत के वार्ड 2,4,10 में दिनांक 18/6/2024 को हुई टेंडर जो बार-बार निरस्त कर दिया गया। जिसका कारण स्पस्ट नही किया जा रहा। वही स्थानीयों ने बताया कि जब तक कमीशन का रास्ता साफ नही हो जाता किसी प्रकार का टेंडर स्वीकार नही किया जाएगा। ऐसे में वगैर टेंडर के ही विज्ञप्ति अखबारों में निकाल अपने शुभचिंतकों द्वारा कुछ चिन्हित कार्यों को कराने का प्रयाश जारी हैं। जिस पर स्थानीयों ने जम कर विरोध किया। स्थानीय नगरवासियों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहा है कि नगरपंचायत डाला बाजार में बाहरी टीम गठित कर जांच कराने व विधिक कार्यवाही करने की कृपा करें ।




# भाई को बचाने पहुंची बहन की डूबने से मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पटेहरा।** रैकल गांव में बुधवार को दोपहर में गांव के किनारे गड्ढे में भरे पानी में बच्चों के साथ नहा रहा बालक डूबने लगा। किनारे खड़ी उसकी बहन भाई को डूबते देख बचाने के लिए पानी में कूद गई। उसने भाई को तो बचा लिया, परंतु खुद पानी में डूब गई। बच्चों की चीख पुकार सुनकर धान की रोपाई कर रहे किसान ने बालिका को बाहर निकाला। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।गांव निवासी नागेश पांडेय ने बताया कि पांडू कोल का नौ वर्षीय पुत्र अनुराग पड़ोस के बिट्ठू (10) पुत्र राजन व साल्क (8) पुत्री महेंद्र के साथ गांव के बाहर गड्ढे में एतत्र पानी में नहाने गया था। भाई अनुराग को खोजते हुए बड़ी बहन प्रियंका (12) भी वहां पहुंच गई। कुछ देर बाद छोटा भाई गहरे पानी में डूबने लगा। अनुराग को डूबते देख अन्य दोनों बच्चों ने उसकी बहन को जानकारी दी। इस पर सड़क किनारे खड़ी बड़ी बहन प्रियंका पानी में कूद गई। उसने छोटे भाई को तो बचा लिया, परंतु खुद पानी में डूब गई। प्रियंका पानी से बाहर नहीं निकली तो बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। बच्चों की चीख पुकार सुनकर बगल में रोपाई कर रहे गांव निवासी किसान पिंटू गोंड ने प्रियंका को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे परिजन पुत्री को इलाज के लिए दीपनगर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां देखते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने पर मां सीमा देवी रो-रोकर बेहाल हैं। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।



# अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण को लेकर निकला जुलूस किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष रविकांत के नेतृत्व में बुधवार को आदर्श इंटर कॉलेज फील्ड से नगर भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर अपनी मांगों को लेकर बुलंद की आवाज वह एटीएम एडिशनल को राष्ट्रपति नामित सौपा ज्ञापन। जिला अध्यक्ष रविकांत ने बताया कि परम् पूज्य बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर के अथक संघर्ष से ओबीसी,अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये भारतीय संविधान के क्रमशः अनुच्छेद 340, अनुच्छेद 341 व अनुच्छेद 342 में आरक्षण की व्यवस्था की गई एवं इस आरक्षण का आधार अनुच्छेद 15(4) व 16(4) में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्णित है। आरक्षण की व्यवस्था 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 7.5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्गो के लिये की गई है। इसी के तहत इन वर्गों को शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है। परन्तु आज तक किसी भी सरकारी विभाग में आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया है। विगत 1 अगस्त 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को आदेशित किया है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण का राज्य सरकारें सर्वे करायें तथा इन जातियों में क्रीमिलेयर लागू करें व आरक्षण का वर्गीकरण भी करें। वही ,इस आदेश से अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को काफी नुकसान होगा जातिगत आधार पर लोगों में बंटबारा होगा,द्वेष भावना पैदा होगी फिर भी आरक्षण का लाभ पूर्ण रूप से इन जातियों को नहीं मिलेगा। वही,इस सम्बन्ध में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चन्द्रशेखर आजाद (सांसद) के निर्देश पर हमारी पार्टी ने पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देने का कार्यकम बनाया है। ज्ञापन पत्र के माध्यम से निमनलिखित माँगें की गई हैं। 1. जातिगत जनगणना करायी जाये। 2. अनुसूचित जाति एवं जन जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण कोटा सभी विभागों में पूरा किया जाये। 3. गैर सरकारी संस्थानों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू की जाये 4. जब तक अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण कोटा सभी विभागों में पूरा नहीं होता है तब तक आरक्षण के इस प्रावधान को संविधान की नौवीं सूची में डाल दिया जाये ताकि आरक्षण संबंधित प्रावधान में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके । उपरोक्त के सम्बन्ध में हमारी पार्टी द्वारा आन्दोलन के प्रथम चरण में 21/ अगस्त/24 को जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन एवं दूसरे चरण में 11/सितम्बर/24 को दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन करने का निणन्य लिया है और आगे भी हमारा यह आन्दोलन निरन्तर जारी रहेगा। इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक विवेक वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जिला प्रभारी संदीप बौद्ध जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार,जिला सहसंयोजक चंद्रशेखर आजाद जिला महासचिव अरुण कुमार विनोद विधानसभा अध्यक्ष राबट्र्सगंज जोनी राव ,कमलेश कुमार विधान सभा अध्यक्ष घोरावल सुरेंद्र जाटव ,जीतेश कुमार , रमेश गौतम आम आदमी पार्टी,सूरज कुमार ,अनुराग ,आदि भारी संख्या में लोगों थे।




# जनपद स्तरीय समग्र शिक्षा कला उत्सव का आयोजन सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज में जनपद स्तरीय समग्र शिक्षा के अंर्तगत कला उत्सव का आयोजन किया गया। कला उत्सव में द्वि व त्रिआयामी दृश्य कला ,पारंपरिक लोक संगीत,लोकनृत्य,शास्त्रीय नृत्य,शास्त्रीय संगीत,स्थानीय खेल खिलौने आदि विभिनन्‍ विधाओं का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया जिसमे अनेक विद्यालयों से आए हुए छात्र छात्राओं नें बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया । जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। त्रि आयामी दृश्य कला में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज की कक्षा नवीं की छात्रा आराधना शाक्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पारंपरिक लोक संगीत में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज की कक्षा बारहवीं की छात्रा प्रीती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्विआयामी दृश्यकला बालक वर्ग में श्री एकेडमी स्कूल पसही कलां के कक्षा नवीं के छात्र आयुष चौबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज रेनू सागर की कक्षा बारहवीं की छात्रा निशा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय संगीत में डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज की कक्षा दसवीं की छात्रा चारु चंद्रम कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । पारंपरिक लोक नृत्य में राजकीय इंटर कॉलेज दुद्धी सोनभद्र के कक्षा दसवीं के छात्र अमन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनभद्र की कक्षा 12वीं की छात्रा संगीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा मोहिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्थानीय खेल खिलौने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज रामगढ़ की कक्षा 12वीं की छात्रा मान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना सिंह के द्वारा किया गया,जिन्होंने प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चो को अधिकाधिक विधाओं व विभिनन्‍ आयामों में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि बच्चों का बहुमुखी विकास हो सके ।



# स्पोर्ट्स



## ऋषभ पंत का 'थलाइवा' अंदाज हुआ सुपरहिट, फैंस बोले- धोनी की टीम में आ रहे हो क्या भैया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैदान पर जितना आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। उतना ही वह मैदान के बाहर अपने चिल और नटखट अंदाज से हर किसी का दिल जीत लेते है पंत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इंटरनेट पर खूब महफिल लूट ली हैं। पंत द्वारा शेयर की गई पोस्ट में एक तरफ वह खुद बैठे हुए हैं और दूसरी तरफ साउथ इंडस्ट्री के गॉड फादर सुपरस्टार रजनीकांत हैं। पंत 'थलाइवा' की तरह एक्टिंग कर हर किसी का दिल जीत रहे है टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत ने रजनीकांत की कबाली फिल्म के प्रतिष्ठित थलाइवा पोज को दोबारा बनाते हुए एक खास पोस्ट शेयर की। पंत की इस पोस्ट के बाद फैंस को एमएस धोनी (शए अ्दहग) की याद आ गई जिन्होंने भी साल 2016 में रजनीकांत के जैसे सोफे में बैठकर फोटो खिंचाई थी।दरअसल, 26 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (ीर्ेप्् ईहू) ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा- थलाइवा। पंत की इस फोटो में वह साउथ इंडस्ट्री के सुपर स्टार रजनीकांत के सैम पोज में बैठे हुए हैं, जिस पर फैंस काफी कमेंट्स कर रहे हैं। पंत की पोस्ट को देख फैंस को पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी की याद आई। धोनी ने भी साल 2016 में रजनीकांत जैसा एक फोटोशूट कराया था और स्टेटस भी डाला था।



## फ्री में कब और कहां देखें पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का पहला टेस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप-स्टेज में हारने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पास मौका है कि वह शानदार वापसी कर सके। पाकिस्तान की टीम का सामना अब बांग्लादेश से होना है। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जो कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 साइकिल के लिहाज से काफी अहम है। 21 अगस्त को पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा, जिसमें पाकिस्तान की टीम की नजरें शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंकाई टीम को ध्वस्त करने पर होगी।पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की सीरीज खेली जानी है जिसका पहला मैच 21 अगस्त से 25 अगस्त तक रावलपिंडी में खेला जाना है जबकि दूसरी और आखिरी मुकाबला भी अब रावलपिंडी में 30 अगस्त से 3 सितंबर के बीच होगा। पहले दूसरा मैच कराची में होना था जिसे शिफ्ट किया गया। ऐसे में जानते हैं कैसे फैंस पाकिस्तान-बांग्लादेश का पहला टेस्ट मैच फ्री में देख सकते हैं पाकिस्तान की टीम ने पहले टेस्ट की प्लेइंग-11 में किसी भी स्पेशलिस्ट स्पिनर को मौका नहीं दिया है। प्लेइंग-11 में चार तेज गेंदबाजों को मौका मिला है, जिससे टीम को एक मजबूती मिल सकती है। ऐसे में जानते हैं कब, कहां और कैसे फैंस पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का पहला टेस्ट मैच देख सकते है ।



## आईसीसी के नए चेयरमैन बनेंगे जय शाह ग्रेग बार्कले ने तीसरे कार्यकाल की रेस से खुद को किया अलग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद मंगलवार को तीसरे कार्यकाल की दौड़ से खुद को अलग कर लिया, जिससे क्रिकेट की वैश्विक संस्था में बीसीसीआइ के सचिव जय शाह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। शाह इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे या नहीं यह 27 अगस्त तक स्पष्ट हो जाएगा जो चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि है।आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद मंगलवार को तीसरे कार्यकाल की दौड़ से खुद को अलग कर लिया जिससे क्रिकेट की वैश्विक संस्था में बीसीसीआइ के सचिव जय शाह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। शाह इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे या नहीं यह 27 अगस्त तक स्पष्ट हो जाएगा। आईसीसी चेयरमैन दो-दो साल के तीन कार्यकाल के लिए पात्र होता है और न्यूजीलैंड के वकील बार्कले ने अब तक चार साल पूरे कर लिए हैं। चेयरमैन के चुनाव में 16 वोट होते हैं और अब विजेता के लिए नौ मत का साधारण बहुमत आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए निवर्तमान के पास दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था।



## स्मिथ बोले- भारत के दबदबे को इस बार खत्म करेंगे, हम सीरीज जीतने के भूखे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की मौजूदा पीढ़ी के लिए भारत को टेस्ट सीरीज में हराना सपना ही रहा है और पिछले 10 वर्षों में वह एक बार भी बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत नहीं पाई है। भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीत चुकी पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए पूरा दम लगाएगी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का कहना है कि जो पिछले 10 वर्षों में नहीं हुआ, वो अब होगा। ऑस्ट्रेलिया को वापस ट्रॉफी जीतकर बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के दबदबे को खत्म करना होगा।ऑस्ट्रेलिया की मौजूदा पीढ़ी के लिए भारत को टेस्ट सीरीज में हराना सपना ही रहा है और पिछले 10 वर्षों में वह एक बार भी बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत नहीं पाई है। भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीत चुकी पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए पूरा दम लगाएगी।ऑस्ट्रेलियाई टीम 2014-15 के बाद से बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। इसके बाद से उसे अपने घर पर भी लगातार दो बार सीरीज गंवानी पड़ी है। 2020-21 में भारत ने एडिलेड में 36 रन पर ऑलआउट होने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए एक बार फिर सीरीज जीती थी। मेलबर्न पर शानदार जीत के बाद गाबा में भारत ने टेस्ट जीते थे, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहा था। भारत को अब नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की सीरीज खेलनी है। स्मिथ ने कहा, ठइस समय भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें हैं। हमने पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला और वहां भारत को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया में हुई पिछली दो सीरीज में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया है, लेकिन उम्मीद है कि इस बार हम उन्हें हराएंगे। हमने 10 वर्ष से बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है और इस बार हम इसे जीतकर दिखाएंगे। स्मिथ से पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भी कहा था कि पिछले दस वर्षों से हम सीरीज नहीं जीत पाए हैं और इस बार हम सीरीज जीतने के लिए भूखे हैं। स्टीव स्मिथ लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, जो टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। स्मिथ को इस साल जून में टी-20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज अपने टी-20 भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्मिथ ने कहा, मैं अगले चार साल तक कम से कम टी-20 क्रिकेट खेलता रहूंगा। यह एक ऐसा प्रारूप है, जिसे मैं अन्य दूसरे प्रारूप के अलावा लंबे समय तक खेल सकता हूं, खासकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट में मैंने तीन साल का बीबीएल के साथ अनुबंध किया है और एक साल बाद ओलंपिक होगा। मैं ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहता हूं, यह एक बेहतरीन अनुभव होगा।



## आईसीसी ने न्यूयॉर्क की पिच की रेटिंग का खुलासा किया, देखकर आप भी रह जाएंगे हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 का खिताब रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अपने नाम किया था। फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से मात दी थी। टूर्नामेंट की समाप्ति के करीब 50 दिन बाद अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को टूर्नामेंट के दौरान यूज की गई पिच की रेटिंग जारी की है। घ्ण्ण् ने 6 पिचों की रेटिंग जारी की है। आईसीसी ने इनमें से 2 पिचों को संतोषजनक बताया है। आईसीसी ने फाइनल में यूज की गई पिच को काफी अच्छी रेटिंग दी है। इसके अलावा पिच से नाखुश भी है। 5 जून को भारतीय टीम का सामना आयरलैंड से हुआ था। यह मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेला गया था। इस पिच को आईसीसी ने असंतोषजनक बताया है। इस मुकाबले में बैटिंग के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चोटिल हो गए थे। इससे पहले 3 जून को इसी मैदान पर हुए साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच मुकाबले में इस्तेमाल की गई पिच से आईसीसी नाखुश है। इसके अलावा ने 9 जून को भारत-पाकिस्तान मैच में इस्तेमाल की गई पिच को संतोषजनक बताया है।टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यूज की गई पिच से नाखुश है। पहला सेमीफाइनल 27 जून को अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। इस मैच में बल्लेबाजी करना जरा भी आसान नजर नहीं आ रहा था। पहले बल्लेबाज करते हुए अफगानिस्तान टीम 56 रन पर ढेर हो गई थी। यह मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला गया था।



## टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेटर को आया था मरने का ख्याल, अब तूफानी बल्लेबाज ने डिप्रेशन पर की बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले ही सीजन में खिताब पर कब्जा जमाया था। टी20 विश्व कप 2007 के दौरान भारतीय टीम का हिस्सा रहे सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा 4 साल बाद डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। इस दौरान उन्हें मरने का ख्याल भी आया था। अब उथप्पा ने डिप्रेशन पर खुलकर बात की है। उथप्पा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में भारतीय क्रिकेटर ने लिखा, 'मैंने क्रिकेट के मैदान पर कई लड़ाइयों का सामना किया है, लेकिन कोई भी लड़ाई उतनी कठिन नहीं थी जितनी मैंने डिप्रेशन से लड़ी थी। मैं मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चुप्पी तोड़ रहा हूं, क्योंकि मैं जानता हू कि मैं अकेला नहीं हूं। अपनी भलाई को प्राथमिकता दें, मदद लें और अंधेरे में उम्मीद खोजें। मैं ट्रू लर्निंग के इस एपिसोड में अपनी कहानी शेयर कर रहा हूं। आइए हम सब मिलकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें।' टी20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले ही सीजन में खिताब पर कब्जा जमाया था। टी20 विश्व कप 2007 के दौरान भारतीय टीम का हिस्सा रहे सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा 4 साल बाद डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। उथप्पा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने डिप्रेशन पर बात की है।उथप्पा ने 2 मिनट 49 सेकंड के वीडियो में कहा, हम डिप्रेशन और सुसाइड के बारे में बात करेंगे। हमने हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व बैटर ग्राहम थोरपे और भारत के डेविड जॉनसन के बारे में सुना। वीबी चंद्रशेखर सर जो ण्एख् की नींव थे। मैं भी उस दौर से गुजरा हूं। यह एक तोड़ देने वाला सफर होता है। आपको लगता है कि आप उन लोगों के लिए बोझ हैं, जिन्हें आप प्यार करते हैं। आपको लगता है कि आप बेकार हैं। हमने कई लोगों के बारे में सुना है, जिन्होंने डिप्रेशन के चलते सुसाइड किया।




## बांग्लादेश में नहीं खेला जाएगा विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024, आईसीसी ने नए वेन्यू का एलान किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अब आईसीसी ने बड़ा फैसला लिया है। आईसीसी ने वुमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के वेन्यू में बदलाव किया है। अब यह टूर्नामेंट बांग्लादेश के बजाए यूएई में खेला जाएगा। 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाला यह कार्यक्रम अब दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा।आईसीसी ने मंगलवार को कहा, 'टूर्नामेंट का नौवां संस्करण अब संयुक्त अरब अमीरात में होगा और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन की मेजबानी जारी रखेगा। टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के दो स्थानों - दुबई और शारजाह में होगा।'के चीफ एग्जीक्यूटिव ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, ठबांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी नहीं करना शर्म की बात है क्योंकि हम जानते हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एक यादगार आयोजन किया होगा। ज्योफ एलार्डिस ने कहा, मैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की टीम को इस आयोजन को बांग्लादेश में आयोजित करने की कोशिश करने और सक्षम करने के लिए सभी रास्ते तलाशने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हालांकि, वे होस्टिंग राइट बरकरार रखेंगे। हम निकट भविष्य में के वैश्विक कार्यक्रम को बांग्लादेश में ले जाने के लिए उत्सुक हैं। ग्रेग बार्कले ने बोर्ड को पुष्टि की कि वह नवंबर में अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद आईसीसी अध्यक्ष का पद छोड़ देंगे। बार्कले को नवंबर 2020 में स्वतंत्र आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। वर्तमान डायरेक्टर्स को 27 अगस्त 2024 तक अगले अध्यक्ष के लिए नॉमिनेशन जमा करना आवश्यक है। यदि 2 से अधिक उम्मीदवार हैं तो चुनाव होगा। नए अध्यक्ष का कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा।




## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## कप्तान' के बिना ही उतरेगी इंग्लिश टीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट टीम इन दिनों इंगलैंड के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का आगाज बुधवार से हो रहा है। यह सीरीज दोनों ही टीमों के लिए अहम है। दोनों ही टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 साइकिल में अपनी स्थिति में सुधार करना चाहेंगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि सीरीज का पहला टेस्ट मैच कब, कहां खेला जाएगा। भारतीय फैंस इसके कैसे देख सकते हैं।श्रीलंका क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का आगाज बुधवार से हो रहा है। इंग्लैंड के नियमित कप्तान बेन स्टोक्स चोट के कारण सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में ओली पोप टीम की कमान संभाल रहे हैं। साथ ही हैरी ब्रूक को उपकप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है।

# सम्पादकीय

## अजमेर सेक्स स्कैंडल में 32 साल बाद इंसाफ, ब्लैकमेल कर 100 से ज्यादा लड़कियों संग गैंगरेप

अजमेर में आज से 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल कांड के छह दोषियों को जिला अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों पर पांच-पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है। साल 1992 में स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली 100 से ज्यादा छात्राओं से गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई लड़कियों ने बदनामी के डर से सुसाइड कर ली थी। इसके बाद उस वक्त की भैरोसिंह सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी थीर्रिर्सी स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली 100 से ज्यादा छात्राओं से गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट हुई तो राज?य में तहलका मच गया था। कई लड़कियों ने बदनामी के डर से सुसाइड कर ली थी। पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से डर रहा था तब उस वक?त के मुख?यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए मामले की जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी थी। पूरी रिपोर्ट यहां पढि़ए अजमेर गैंगरेप और ब्लैकमेल कांड में इससे पहले अदालत ने 60 वर्षीय सैयद जमीर हुसैन, 55 वर्षीय नसीम उर्फ टार्जन, 55 वर्षीय सलीम चिश्ती, 54 वर्षीय नफीस चिश्ती, 53 वर्षीय सोहेल गनी, 52 वर्षीय इकबाल खान को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषियों को सजा स?पेशल पॉक?सो एक?ट कोर्ट ने सुनाई है। इस दौरान सभी आरोपी अदालत में मौजूद थे। स्कैंडल के वक्त इन सभी आरोपियों की उम्र 20 से 28 साल के आसपास थी। इस मामले में कुल 18 आरोपी थे, जिनमें से चार पहले ही सजा भुगत चुके और चार को कोर्ट ने बरी कर दिया था। एक ने केस के दौरान 30 साल पहले सुसाइड कर ली थी। दो पर अभी केस चल रहा है और एक आरोपी फरार है।1990 से 1992 की बात है। अजमेर के रसूखदार रईसजादों ने अलग-अलग स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाली 17 से 20 साल की 100 अधिक छात्राओं को तरह-तरह से जाल में फंसाया। उनकी न?यूड फोटो खींची। फिर ब्लैकमेल कर कई-कई बार उनका गैंगरेप किया गया था। सेक्स स्कैंडल कांड में शामिल दोषी लड़कियों की न्यूड फोटो के नेगेटिव व हार्ड कॉपी निकलवाने के लिए फोटो स्टूडियो/ प्रिंटिंग प्रेस जाते थे। इन दुकान पर काम करने वाले लड़कों को लालच आ गया। उन्होंने न्यूड फोटोज की सैकड़ों कॉपी छापकर बाजार में बेच दीं। खुद भी फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया और फोटो खरीदने वालों ने भी। कुछ पीडि़ताएं अपनों को अपनी आपबीती सुनाने की हिम्मत नहीं जुटा पाई तो कुछ ने सुनाई, लेकिन अपनों ने आरोपियों के रसूख को देखते हुए मुंह बंद करने की सलाह दी। कुछ परिवार पुलिस तक पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। जब बदनामी के डर से पीडि़ताओं ने सुसाइड करनी शुरू कर दी। तब प्रशासन की नींद खुली। छह से ज्यादा पीडि़ताओं ने सुसाइड कर ली थी। एक स्थानीय समाचार पत्र के रिपोर्टर संतोष गुप्ता ने छात्राओं के न्यूड फोटो खींच ब्लैकमेल करने और यौन शोषण करने के मामला का खुलासा किया था। 'बड़े लोगों की पुत्रियां ब्लैकमेल का शिकार' इस हेडिंग से छपी खबर ने लोगों को झकझोर दिया था। पुलिस-प्रशासन में भूचाल आया गया। सरकार और सामाजिक धार्मिक नगर सेवा संगठन जुड़े लोग सन्न रह गए। उस वक्त भले ही सोशल मीडिया नहीं था, लेकिन खबर आग की तरह फैल गई थी। अजमेर की शान और पहचान में पर दाग लगने से पहले पुलिस प्रशासन की गोपनीय जांच में यह बात सामने आई थी कि इस गिरोह में अजमेर के सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के खुद्दाम-ए-ख्वाजा यानी खादिम परिवारों के कई युवा रईसजादे भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, वे युवा कांग्रेस वर्चस्व रखते है और आर्थिक रूप से संपनन्न भी है। उस वक्त पुलिस ने भी खुद को बेबस महसूस किया था। जिला प्रशासन यह जानता था कि इस मामले में जब तक पीडि़ताएं सामने नहीं आती हैं, तब तक किसी पर भी हाथ डाला तो शहर की शांति और कानून व्यवस्था के सही नहीं होगा। अगर शांति बनी भी रही तो शहर के कई प्रतिष्ठित परिवारों की बच्चियां प्रभावित होंगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी या उच्च पदस्थ राजनीति जनप्रतिनिधि के तार जुड़े होने की भी आशंका थी। ऐसे में जिला पुलिस प्रशासन ने इस मामले से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।उस वक्त राज्य में भाजपा की सरकार थी और भैरोंसिंह शेखावत मुख्यमंत्री थे। भैरोंसिंह शेखावत ने कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही हिदायत दी कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था न बिगड़े और अपराधियों को नहीं छोड़ने के स्पष्ट संकेत भी दिए। इसके बाद भी पुलिस किसी निणन्य पर नहीं पहुंच पाई। इस कारण आरोपियों को सबूत मिटाने और शहर से भाग जाने का मौका मिल गया।खबर छपने के 15 दिन बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो संतोष गुप्ता ने दूसरी रिपोर्ट - 'छात्राओं को ब्लैकमेल करने वाले आजाद कैसे रहे गए' हेडिंग से छापी।

## मोदी और इब्राहिम ने भारत-मलेशिया संबंधों में जोड़ा नया अध्याय

पीएम नरेन्द्र मोदी और पीएम अनवर इब्राहिम ने भारत व मलेशिया के रिश्तों के नये युग की नींव रख दी है। मंगलवार को दोनों नेताओं की अगुवाई में हुई द्विपक्षीय वार्ता ने मलेशिया के



पूर्व पीएम महाथिर मोहम्मद के कार्यकाल में भारत-मलेशिया के रिश्तों में जो तनाव घोला था वह पूरी तरह से खत्म हो गई। बैठक में द्विपक्षीय रिश्तों के दर्जे को बढ़ा कर समग्र रणनीतिक साझेदारी कर दिया गया। इसके तहत अब दोनों देशों की सरकार आर्थिक व रक्षा क्षेत्र में संबंधों को ज्यादा प्रगाढ़ करने के लिए गंभीर और लक्ष्य निर्धारित कोशिश करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और मलेशिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करना चाह रहे हैं जो 2019 में मुस्लिम बहुल जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के कदम से प्रभावित हुए थे। मलेशियाई पीएम ने भारत से रक्षा उपकरणों की खरीद को लेकर उत्सुकता दिखाई है जबकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबारी संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नये समझौते पर शीघ्र वार्ता करने की सहमति बनी है। इब्राहिम सोमवार को देर रात भारत के तीन दिवसीय दौरे पर आये हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों के समक्ष आपसी संबंधों को लेकर छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

# नए स्वरूप में विशेषज्ञों की नियुक्ति की होगी तैयारी, आसान नहीं होगा इसमें आरक्षण को लागू करना

प्रशासनिक पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति का विज्ञापन भले ही वापस ले लिया गया हो, लेकिन इसे पूरी तरह से बंद नहीं किया जाएगा। कार्मिक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेटरल एंट्री से नियुक्ति की प्रक्रिया में सामाजिक न्याय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखने की सलाह दी है। जाहिर है कि विशेषज्ञों की सीधी नियुक्ति को आरक्षण के प्रावधान के साथ नए सिरे से शुरू किया जा सकता है। कार्मिक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, विशेषज्ञों की नियुक्ति की परंपरा काफी पुरानी है और आजादी के बाद से चली आ रही है। इस पर पूरी तरह से रोक संभव नहीं है।विशेषज्ञों की सीधी नियुक्ति को आरक्षण के प्रावधान के साथ नए सिरे से शुरू किया जा सकता है। कार्मिक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार विशेषज्ञों की नियुक्ति की परंपरा काफी पुरानी है और आजादी के बाद से चली आ रही है। इस पर पूरी तरह से रोक संभव नहीं है। मोदी सरकार के दौरान इसके पहले भी तीन बार विशेषज्ञों की सीधी नियुक्ति हो चुकी है। पहले राजनीतिक नेतृत्व द्वारा इसका चयन होता था और उन्हें नियुक्त कर दिया जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसे संस्थागत रूप देते हुए यूपीएससी को ऐसे विशेषज्ञों को चुनने की जिम्मेदारी दी। मोदी सरकार के दौरान इसके पहले भी तीन बार विशेषज्ञों की सीधी नियुक्ति हो चुकी है। हर बार नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा के साथ उसमें छोटे-मोटे बदलाव भी किए गए। इस बार 45 पदों पर एक साथ नियुक्ति के कारण आरक्षण का मुद्दा सामने आ गया और इसे




समायोजित करने की कोशिश की जाएगी।वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि विशेषज्ञों की सीधी नियुक्ति की प्रक्रिया में आरक्षण के प्रावधान को लागू करना आसान नहीं होगा। अलग-अलग विभागों में विशेष जरूरतों के लिए एक या दो विशेषज्ञों का चयन एक सीमित समय के लिए किया जाता है। इसे स्थायी सरकारी नौकरी की तरह नहीं लिया जा सकता। ऐसे में एक पद के लिए आरक्षण का प्रावधान करना और उसके लिए सबसे उपयुक्त विशेषज्ञ का चयन करना काफी जटिल हो जाएगा। फिलहाल आरक्षण की व्यवस्था लागू करने के लिए कम से कम तीन पद रिक्त होने चाहिए। ऐसे में अगर लेटरल भर्ती में आरक्षण लागू करना है तो दो ही रास्ते हो सकते हैं और यह आसान नहीं है। पहला रास्ता यह हो सकता है कि किसी भी विभाग के लिए भर्ती कम से कम तीन की संख्या में निकलें। ऐसे में तात्कालिक जरूरत को पूरा करना मुश्किल होगा। दूसरा रास्ता यह हो सकता है कि सभी विभागों को मिलाकर एक यूनिट माना जाए।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए लेटरल एंट्री में आरक्षण के सिद्धांत को लागू करने का फैसला किया है। यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के लिए बेहद पारदर्शी तरीका अपनाया पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण फैसले के साथ प्रधानमंत्री ने एक बार फिर बीआर आंबेडकर के संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, 'यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के लिए बेहद पारदर्शी तरीका अपनाया। अब हमने उसमें आरक्षण के सिद्धांत को भी लागू करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा सामाजिक न्याय के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।' ने कहा, 'हमने अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जो पहले एक सामान्य निकाय था। चाहे नीट हो, मेडिकल में प्रवेश हो, सैनिक विद्यालय हों या नवोदय विद्यालय, हमने सभी जगह आरक्षण का सिद्धांत लागू किया है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आंबेडकर के पंचतीर्थ को गौरवपूर्ण स्थान दिया है। आज यह बेहद गर्व का विषय है कि देश की राष्ट्रपति भी आदिवासी समुदाय से आती हैं। मोदी सरकार के 'संतृप्ति कार्यक्रम' के तहत एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो रहे हैं।2014 से पहले लेटरल एंट्री में आरक्षण लागू नहीं करने के लिए वैष्णव ने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा, 'वित्त सचिवों की लेटरल एंट्री के जरिये भतिर्यां की गई थीं और आरक्षण के सिद्धांत का ध्यान नहीं रखा गया। डा. मनमोहन सिंह, डा. मोंटेक सिंह अहलूवालिया और उनसे पहले डा. विजय केलकर को भी लेटरल एंट्री के जरिये ही वित्त सचिव बनाया गया था। क्या कांग्रेस ने उस समय आरक्षण के सिद्धांत का ध्यान रखा था? केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा, यह साबित करता है कि सरकार संवेदनशील है एवं हर किसी की सुनती है। इस फैसले का अर्थ है कि आरक्षण एवं सामाजिक न्याय के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की नीति में स्पष्टता है। आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 'मनमोहन सिंह लेटरल एंट्री के सबसे बड़े उदाहरण हैं। 1976 में उन्हें कैसे सीधे वित्त सचिव बनाया गया था। ऐसे कई और उदाहरण हैं।' लेटरल एंट्री से नियुक्ति के विज्ञापन को केंद्र सरकार द्वारा रद किए जाने पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस हर कीमत पर संविधान और आरक्षण प्रणाली की रक्षा करेगी और भाजपा की साजिशों को विफल करेगी। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि मैं इसे फिर से कह रहा हूं, 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को हटाकर हम जाति जनगणना के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। अपने वाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा खुलेआम लेटरल एंट्री के माध्यम से आरक्षण छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हम वंचितों को देश के शीर्ष पदों से दूर रखने की भाजपा की योजना को कभी सफल नहीं होने देंगे। विपक्षी गठबंधन हर वर्ग के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेगा।

# डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स गठित, सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को लगाई कड़ी फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी को भयावह घटना करार देते हुए देशभर में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकमिन्यों की सुरक्षा के संबंध में संस्थागत विफलता पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने कहा



कि दूसरों को स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने वालों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमीनी बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म या हत्या का इंतजार नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकमिन्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का तंत्र स्थापित करने के लिए 14 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की है। कोर्ट ने डाक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे समाज और मरीजों के हित में काम पर लौटने की अपील भी की। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही डाक्टर से दरिंदगी के मामले में एफआइआर दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाते हुए बंगाल सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई।सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकमिन्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का तंत्र स्थापित करने के लिए 14 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की है। कोर्ट ने डॉक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे समाज और मरीजों के हित में काम पर लौटने की अपील भी की। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई। कोर्ट ने 14-15 अगस्त की रात अस्पताल में भीड़ के घुसकर उपद्रव करने और अस्पताल की इमरजेंसी व घटनास्थल तक पहुंच जाने पर राज्य पुलिस की नाकामी पर भी ममता सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि आपकी पुलिस क्या कर रही थी। कोर्ट ने बंगाल सरकार को उपद्रव की जांच के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है, साथ ही डॉक्टर से दरिंदगी की जांच कर रही सीबीआइ से भी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल और हास्टल की सुरक्षा केंद्रीय बल सीआइएसएफ को दे दी है। इतना ही नहीं शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार को मान्यता देते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा है कि वह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शकारियों के विरुद्ध ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगी। इस मामले में कोर्ट 22 अगस्त को फिर सुनवाई करेगा।ये आदेश मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने टास्क फोर्स को विभिनन्न मुद्दों पर विचार कर तीन सप्ताह में अंतरिम और दो महीने में अंतिम रिपोर्ट देने को कहा है। पीठ ने कहा कि विभिनन्न राज्यों जैसे महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, बंगाल, आंध्र प्रदेश, और तमिलनाडु में स्वास्थ्यकमिन्यों के प्रति हिंसा रोकने और संपत्ति नष्ट करने के लिए कानून हैं। इन कानूनों में स्वास्थ्यकमिन्यों के साथ किसी भी तरह की हिंसा की मनाही है। हालांकि इनमें समस्या के संस्थागत और व्यवस्थात्मक कारणों को रेखांकित नहीं किया गया है। संस्थागत सुरक्षा का स्तर सुधारे बगैर सजा में बढ़ोतरी की समस्या को प्रभावी ढंग से हल करना संभव नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने आदेश में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा स्तर की खामियों की जमीनी हकीकत का उल्लेख करते हुए कहा कि रात्रि ड्यूटी पर तैनात डाक्टरों व स्वास्थ्यकमिन्यों के आराम करने के लिए उचित स्थान नहीं होता। ड्यूटी रूम कम हैं। इंटर्न और रेजीडेंट डाक्टर 36 घंटे की शिफ्ट करते हैं, उनके लिए साफ-सफाई और आराम की समुचित व्यवस्था नहीं होती।मेडिकल केयर यूनिट में सुरक्षाकमिन्यों की कमी रहती है। इन लोगों के हास्टल तक आने-जाने के लिए सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं होती। और भी कई कारण आदेश में दिए गए हैं और इन सब चीजों को देखते हुए कोर्ट ने नेशलन टास्क फोर्स का गठन किया है जो इन पहलुओं पर विचार करके अपने सुझाव देगी। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह राज्यों के अस्पतालों में सुरक्षा उपायों पर राज्यों से सूचना एकत्र करेगी और एक महीने में हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताएगी। जब तड़के ही अपराध का पता चल गया था तो माता-पिता को आत्महत्या करने की बात क्यों बताई गई। उन्हें शव देरी से क्यों दिखाया गया।- डाक्टर की हत्या और दरिंदगी की प्राथमिकी देर रात दर्ज हुई। प्राथमिकी दर्ज करने में इतनी देर क्यों हुई। (कोर्ट ने आधे घंटे तक देखे मामले के दस्तावेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की फाइल)- क्या एफआइआर दर्ज हुई थी क्या हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई थी कोलकाता में डाक्टर से द□रदगी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंगलवार को सख्त टिप्पणी किए जाने के कुछ घंटे बाद ही ममता सरकार ने कोलकाता पुलिस के दो असिस्टेंट कमिशन्र और एक इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में 14 अगस्त की रात तोड़फोड़ के मामले में की गई है। इन अधिकारियों के कार्य में लापरवाही पाई गई।बता दें कि आधी रात को बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों ने अस्पताल के परिसर में घुसकर उसके कुछ हिस्सों में जमकर तोड़फोड़ की थी। अस्पताल के भीतर व बाहर बड़ी संख्या में पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स की मौजूदगी के बावजूद यह सब हुआ था।

# ADHUNIK TUTORIALS

## ("FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT")

**FOR CLASSES 1st-5th**

## (ADMISSION OPEN)

### FACILITIES

- Air conditioned well Furbished classrooms
- Water cooler available
- Hygienic washrooms
- CCTV for safety purposes
- In campus parking

### OUR TEAM



**Dr.(Er)Puneet Arora (DIRECTOR)**
**(B.Tech, M.Tech, MBA, Ph.D)**
**Awarded with 'Young Scientist & Best** Teachers, Author of Many Books - Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethony Convent School , Bishop Johnson School & College, Girls school & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the field of Web Development and Machine Learning.

**Ms.Riya Arora (Counsellor)**

- **Ex. Student of Delhi Public School .**
- **Subject Topper of Delhi Public School**
- **Pursuing LLB from University of Allahabad.**

**Contact**
Call and Whatsapp: 8542919234

Address: B-Block ADA Colony, Mtek Campus (NITC) Naini Prayagraj.


# देश फिर दुष्कर्म का इंतजार नहीं कर सकता', सुप्रीम कोर्टने नेशनल टास्क फोर्स का किया गठन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म के मामले पर सुप्रीम में आज सुनवाई हुई। इस मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान ली है। कोर्ट ने इस मामले पर राज्य सरकार, पुलिस और अस्पताल प्रशासन से कड़े सवाल पूछे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आठ सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठन करने का भी आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आखिर प्रिंसिपल क्या कर रहे थे। कोर्ट ने पूछा कि पुलिस ने क्राइन सीन को प्रोटेक्ट क्यों नहीं किया। एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हुई। वहीं, कोर्ट ने कहा कि आरजी कर अस्पताल में डॉक्टरों की चल रहे विरोध प्रदर्शन को जबरदस्ती बंद न कराया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त को सीबीआई स्टेटस रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 अगस्त को होगी। आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार पुलिस और अस्पताल प्रशासन से कई कड़े सवाल पूछे। कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा पर चिंता जाहिर की है। सोशल मीडिया पर पीडि़ता की पहचान उजागर करने पर कोर्ट ने चिंता भी जाहिर की है।कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता भी जताई है। वहीं, सोशल मीडिया पर पीडि़ता की पहचान उजागर करने पर कोर्ट ने चिंता भी जाहिर की है सीजेआई ने पूछा कि क्या यह सच है कि पीडि़त परिवार को बॉडी नहीं देखना दिया गया। इसपर पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने कहा कि ऐसे आरोप सही है। कोर्ट ने पूछा कि अभिभावक को बॉडी सौंपने के साढ़े तीन घंटे के बाद एफआईआर क्यों किया गया कोर्ट ने इस घटना पर राज्य सरकार की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कई सख्त सवाल पूछे हैं। कोर्ट ने पूछा कि पीडि़ता की पहचान उजागर कैसे हुई? जब 7 हजार लोग अस्पताल में घुसे तब पुलिस वहां क्या कर रही थी। हम सीबीआई से गुरुवार तक स्टेटस रिपोर्ट चाहते हैं। हम एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने जा रहे हैं। टास्क फोर्स में छ्श्ए के निदेशक शामिल होंगे। टास्क फोर्स तीन हफ्ते में अंतरिम रिपोर्ट देगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि पितृसत्तात्मक सोच की वजह से महिला डॉक्टरों को अधिक निशाना बनाया जाता है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक महिलाएं कार्यबल में शामिल हो रही हैं, उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ रही है। राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे राज्यपाल बोस सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रिंसिपल गलत जानकारी दे रहे हैं। उनके बयान में विसंगतियां हैं। वहीं, बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल बोस गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर सकते हैं। ममता सरकार में महिलाएं असुरक्षितः राज्यपाल सोमवार को राज्यपाल ने बंगाल की कानून-व्यवस्था पर चिंता जाहिर की। उन्होंने राजभवन में महिला नेताओं और डॉक्टरों से मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित जगह नहीं है। मौजूदा सरकार ने राज्य को महिलाओं के लिए असुरक्षित बना दिया है।




# एफडीआई के लिए ऑनलाइन गेमिंग में अंतर करने को नोट जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेशके लिए ऑनलाइन कौशल के खेल और किस्मत के खेल में अंतर करने को नोट जारी किया है। नोट के तहत इस मुद्दे पर विभिन्न मंत्रालयों के विचार मांगे गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि विदेशी निवेश पानी के लिए दोनों तरह के खेलों के बीच स्पष्ट अंतर जरूरी है, क्योंकि ऑनलाइन कौशल के खेल में अपार संभावनाएं हैंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान अपने संबोधन में भारतीय पेशेवरों से वैश्विक गेमिंग बाजार का नेतृत्व करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि गेमिंग उद्योग में देश अग्रणी स्थिति हासिल कर सकता है। कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग को जुए और सट्टेबाजी से जोड़कर आपत्ति जताते हैं। इस बात पर भी सवाल है कि इन चीजों को परिभाषित करने का अंतिम प्राधिकारी कौन होगा। अधिकारी ने कहा 'हमें इसका आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र निकाय की आवश्यकता है।'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान अपने संबोधन में भारतीय पेशेवरों से वैश्विक गेमिंग बाजार का नेतृत्व करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि गेमिंग उद्योग में देश अग्रणी स्थिति हासिल कर सकता है। कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग को जुए और सट्टेबाजी से जोड़कर आपत्ति जताते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ता मोबाइल गेमिंग बाजार है। भारत सबसे तेजी से बढ़ता मोबाइल गेमिंग बाजार है और समग्र भारतीय गेमिंग उद्योग का वार्षिक राजस्व 2023 में 3.1 बिलियन अमरीकी डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2028 तक 6 बिलियन अमरीकी डॉलर होने की उम्मीद है।




# क्या अब दलहन में आत्मनिर्भर बनेगा भारत, बुवाई का रकबा 6 फीसदी बढ़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मौजूदा 2024-25 खरीफ (ग्रीष्म) सत्र में अब तक धान का रकबा छह प्रतिशत बढ़कर 369.05 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह एक साल पहले की अवधि में 349.49 लाख हेक्टेयर था। यह जानकारी कृषि मंत्रालय ने दी है। मुख्य खरीफ फसल धान की बुवाई जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती है और सितंबर से कटाई होती है। मौजूदा सत्र के 20 अगस्त तक दलहन की बुवाई का रकबा बढ़कर 120.18 लाख हेक्टेयर हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 113.69 लाख हेक्टेयर था। अरहर की बुवाई का रकबा 40.74 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 45.78 लाख हेक्टेयर हो गया। 'उड़द' की बुवाई का रकबा 29.52 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 28.33 लाख हेक्टेयर हो गया। मौजूदा सत्र के 20 अगस्त तक दलहन की बुवाई का रकबा बढ़कर 120.18 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले साल इसी अवधि में 113.69 लाख हेक्टेयर था। अरहर की बुवाई का रकबा 40.74 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 45.78 लाख हेक्टेयर हो गया। उड़द की बुवाई का रकबा भी बढ़ा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में दलहन में आत्मनिर्भर बनने की बात कही थी। मोटे अनाज और 'श्री अन्न' (बाजरा) का रकबा एक साल पहले की समान अवधि के 176 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 181.11 लाख हेक्टेयर हो गया। मोटे अनाजों में मक्का का रकबा 81.25 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 87.23 लाख हेक्टेयर हो गया। तिलहन की बुवाई का रकबा इस खरीफ सीजन में मामूली रूप से बढ़कर 186.77 लाख हेक्टेयर हो गया।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## स्त्री 2' का 'मंगल' रहा शुभ, छठे दिन बॉक्स ऑफिस पर मच गया तहलका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** स्त्री 2 के सामने इस वक्त सभी फिल्में पानी भर रही हैं। 2024 में बॉक्स ऑफिस की सुरक्षा की टोटल कितनी कमाई हुई, चलिए देखते हैं आंकड़े-बड़ी-बड़ी फिल्मों को वीकेंड पर तो ऑडियंस मिल जाती हैं, लेकिन वर्किंग डेज आते डेज के हिसाब से काफी अच्छी है। श्रद्धा कपूर-राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारों की इस फिल्म ने किस्मत पलट दी। श्रद्धा




करने में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' (ऐ्रा 2) का बहुत बड़ा हाथ है। पंकज त्रिपाठी-अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना स्टारर ये फिल्म रिलीज के पहले दिन यानी कि 14 अगस्त से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार बिजनेस कर रही है। वर्किंग डेज पर भी इंडिया और दुनियाभर में फिल्म के लिए क्रेज कम नहीं हो रहा है। 15 अगस्त और रक्षाबंधन की छुट्टी का फिल्म को पूरा-पूरा फायदा मिला ही, लेकिन वर्किंग डेज पर भी हॉरर कॉमेडी मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर खूब तहलका मचाया और एक अच्छी कमाई की। छह दिनों के अंदर फिल्म ही थिएटर खाली होने लगते हैं। हालांकि, स्त्री 2 के साथ ऐसा नहीं हुआ और मंगलवार को भी फिल्म पर कृपा बनी रही। एक तरफ जहां अक्षय कुमार (ऱ्वै्ब् खूर्रे) की 'खेल-खेल में' और 'वेदा' वर्किंग डेज पर कमाई के लिए तरस रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ 'स्त्री-2' कहर मचा रही है। सोमवार को तकरीबन 38.40 करोड़ तक की कमाई की, वहीं मंगलवार को भी फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाने में सफल रही। सैकनलिक.कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्त्री 2 ने मंगलवार को टोटल 25 करोड़ के आसपास की सिंगल कमाई की है, जोकि वर्किंग की फिल्म जितनी तेजी से वर्ल्डवाइड दौड़ रही है, उतनी ही तेजी से ये फिल्म डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर भी रेस लगा रही है। दुनियाभर में मूवी का कलेक्शन जहां 322 करोड़ तक पहुंच चुका है, तो वहीं इंडिया में छह दिनों के अंदर इस हॉरर कॉमेडी मूवी ने 254.55 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। जिस स्पीड से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दौड़ रही है उससे ये अंदाजा लगाना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है कि मूवी जल्द ही 300 करोड़ भी क्रॉस कर लेगी। स्त्री 2 के बाद अब स्त्री 3 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। स्त्री 3 में अक्षय कुमार भी नजर आएंगे।

## अमिताभ बच्चन के बाद जावेद अख्तर ने जावेद अख्तर को बनाया था हिंदी सिनेमा का 'एंग्री यंग मैन'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** सलीम-जावेद ने हिंदी सिनेमा को एंग्री यंग मैन दिया, जो अमिताभ बच्चन के निभाये किरदारों के जरिए सामने आया। जंजीर, बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत बेताब फिल्म से की थी, जिसे राहुल रवैल ने निर्देशित किया था। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसमें थोड़ा-बहुत एक्शन था। सनी लगता है। इस फिल्म में सनी के वो तेवर देखने को मिले थे, जो इससे पहले नहीं देखे गये थे। उन्होंने रोमांस के साथ हल्का-फुल्का एक्शन किया था। अर्जुन, सनी की




दीवार, त्रिशूल, काला पत्थर जैसी फिल्मों के जरिए सत्तर और अस्सी के दौर में हिंदी सिनेमा को उनका ये रूप देखने को मिला, जिसने अमिताभ के करियर को आसमान में पहुंचा दिया था। अमिताभ और सलीम-जावेद की कहानी सब जानते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि सनी देओल के एंग्री यंग मैन अवतार को सबसे सामने लाने का क्रेडिट जावेद अख्तर को जाता है। चलिए, आपके बताते हैं कैसे सलीम-जावेद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई आइकॉनिक फिल्में दीं मगर एक वक्त ऐसा आया जब यह जोड़ी टूट गई और अलग-अलग फिल्मों का लेखन करने लगे थे। अलग होने के बाद जावेद की फिल्मों में एंग्री यंग मैन वाले तेवर बने रहे। सनी देओल के एक्शन की शुरुआत जावेद अख्तर की लिखी फिल्मों के साथ ही हुई थी। सनी देओल ने के साथ फिल्म में अमृता सिंह फीमेल लीड थीं। यह उनका भी डेब्यू था। धर्मेंद्र ने फिल्म का निर्माण किया था। बॉक्स ऑफिस पर बेताब हिट रही थी। इस फिल्म के लेखक जावेद अख्तर थे। इसके बाद सनी की तीन फिल्में सोहनी महिवाल, सनी और मंजिल मंजिल रिलीज हुई थीं, मगर जिस फिल्म ने ढाई किलो के हाथ वाले सनी देओल को दर्शकों से रू-ब-रू करवाया, वो थी 1985 में आई अर्जुन। पहली बार दर्शकों ने सनी का अंगारों वाला अवतार देखा था। इस फिल्म का निर्देशन भी राहुल रवैल ने किया था, जबकि स्क्रिप्ट जावेद अख्तर ने लिखी थी। राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ युवाओं की लड़ाई की इस कहानी में सनी ने बेरोजगार अर्जुन मालवंकर का किरदार निभाया था, जो भ्रष्ट राजनेता शिवकुमार चोगले के झांसे में आकर क्राइम करने सही मायनों में पहली एक्शन फिल्म है। इसके बाद 1987 में सनी की फिल्म डकैत आई, जिसमें उन्होंने हालात के शिकार युवक का रोल निभाया था। जमींदारों के जुल्म से तंग आकर अर्जुन यादव डकैत बन जाता है। इस फिल्म की कहानी भी जावेद अख्तर ने ही लिखी थी, जबकि निर्देशन राहुल रवैल ने किया था। अर्जुन फिल्म के साथ शुरू हुआ एक्शन का सिलसिला सनी देओल ने आगे भी जारी रखा और हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान गुस्से से भरे ऐसे नौजवान की बनाई, जो सिस्टम को बदलने निकलता है। यतीम, घायल, नरसिम्हा, दामिनी, घातक कुछ इसी मिजाज की फिल्में रहीं। सलीम-जावेद की जोड़ी पर बनी डॉक्युमेंट्री एंग्री यंग मेन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है, जिसके चलते एक बार फिर इनकी फिल्में चर्चा में आ गई हैं।

## ससुरालवालों के साथ डिनर डेट पर पहुंचीं दीपिका पादुकोण लक्ष्य सेन के साथ दिखी बेहतरीन बॉन्डिंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बहुत जल्द अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। जब से दीपिका ने प्रेगनेंसी की न्यूज अनाउंस की थी उसके बाद से ही ब्लैक ब्लेजर और मैचिंग वाइड-लेग्ड ट्राउजर में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान उनके साथ बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन भी दिखाई दिए। दीपिका बहुत जल्द रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म को लक्ष्य सेन के साथ हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का ओवर साइज्य जैकेट और मैचिंग वाइड लेग ट्राउजर पहना हुआ है। दीपिका एक हाथ से अपना बेबी



फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है कि एक्ट्रेस कब मां बनेंगी। फैमिली संग डिनर डेट पर दीपिका हाल ही में एक्ट्रेस को अपने सास-ससुर और ननद के साथ डिनर डेट पर देखा गया। ब्लैक कलर के ओवरसाइज के आउटफिट में दीपिका बहुत ही ज्यादा कमाल लग रही थीं। इस दौरान उनके चेहरे पर हल्की सी स्माइल भी देखी गई। इसके अलावा बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन के साथ भी दीपिका पादुकोण की बॉन्डिंग दिखी। ये वीडियो काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।दीपिका पादुकोण को रणवीर सिंह के माता-पिता और बहन के साथ स्पॉट किया गया। एक्ट्रेस फैमिली डिनर के लिए बाहर निकली थीं। ओवरसाइज्ड सिंघम 3 में पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगी। दीपिका सितंबर के महीने में अपने पहले बच्चे को जन्म देंगी। सोशल मीडियो पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें दीपिका को लक्ष्य सेन के साथ हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का ओवर साइज्य जैकेट और मैचिंग वाइड लेग ट्राउजर पहना हुआ है। दीपिका एक हाथ से अपना बेबी बंप छुपाती नजर आईं। वहीं उनके लॉन्ग वेवी हेयर उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। दीपिका सितंबर के महीने में अपने पहले बच्चे को जन्म देंगी। सोशल मीडियो पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें दीपिका बंप छुपाती नजर आईं। वहीं उनके लॉन्ग वेवी हेयर उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। दीपिका पादुकोण ने फरवरी 2024 में प्रेगनेंसी अनाउंस की थी, और तभी से वह लगातार चर्चा में हैं। फैंस बेबी आने का इंतजार कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक मेंस सिंगल बैडमिंटन में कांस्य पदक के लिए खेलते हुए लक्ष्य सेन को करारी हार का सामना करना पड़ा था। असफलता के बावजूद, रणवीर सिंह ने 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए अपना समर्थन दिखाया था। लक्ष्य ने पुरुष बैडमिंटन में ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर के रूप में इतिहास रचा है।

## सोनाक्षी सिन्हा ने दो महीने पहले मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में जहीर इकबाल से शादी की थी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।**सोनाक्षी सिन्हा ने दो महीने पहले मुंबई के बांद्रा स्थित इंस्टाग्राम पेज ने घर सेल की जानकारी दी है उसने एक वीडियो शेयर की है। वीडियो में यह तो अपार्टमेंट क्यों बेच रही हैं? एक यूजर ने लिखा, वह सोनाक्षी सिन्हा का घर है..इतनी जल्दी बाहर जा



अपने अपार्टमेंट में जहीर इकबाल से शादी की थी। वहीं अब खबर आ रही है कि एक्ट्रेस उस प्रॉपर्टी को बेचना चाहती हैं। अपने पेरेंट्स का घर छोड़ने के बाद सोनाक्षी इसी घर में रह रही थीं। लेकिन अब ये बिकने के लिए तैयार है और इसकी जानकारी एक रियल स्टेट इंस्टाग्राम अकाउंट से मिली है। अब इस खबर के बाद से फैंस को चिंता होने लगी है कि आखिर ऐसा क्या हो गया जो सोनाक्षी को अपना ये घर बेचना पड़ रहा है।जिस नहीं बताया गया कि यह सोनाक्षी सिन्हा का अपार्टमेंट है लेकिन यूजर्स ने वीडियो देखकर तुरंत इसे पहचान लिया। ऐसा इसलिए क्योंकि सोनाक्षी ने कुछ महीने पहले अपने इस घर का हाउस टूर करवाया था। इस वीडियो में नजर आ रहा घर भी एकदम सोनाक्षी के घर जैसा ही है। वहीं सोनाक्षी ने भी इस पोस्ट को लाइक किया है। इसके बाद से कमेंट सेक्शन में बाढ़ सी आ गई। बहुत से लोगों ने आश्चर्य जताया कि सोवाक्षी इतनी जल्दी रही हैं। एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, सोनाक्षी सिन्हा ने ये घर कुछ समय पहले ही खरीदा था। इसके अलावा इस वीडियो पर सोनाक्षी के दोस्त और हुमा कुरैशी के भाई साकिब सलीम ने भी कमेंट किया है। साकिब ने लिखा- इस बिल्डिंग को मैं जानता हूं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार सोनाक्षी ने सितंबर 2023 में बांद्रा रिक्लेमेशन, बांद्रा वेस्ट में 81 ऑरेटे की 26वीं मंजिल पर यह लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा था।

## कौन है 'छावा' का औरंगजेब विक्की कौशल से ज्यादा खींच रहे ध्यान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'छावा' इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की कहानी मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, लेकिन इस फिल्म में औरंगजेब के किरदार को लेकर भी काफी उत्सुकता है। तो आइए जानते हैं कि इस महत्वपूर्ण भूमिका को कौन निभा रहा है। .फिल्म 'छावा' में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका के लिए अभिनेता अक्षय खनन को चुना गया है, जिन्हें को उनके दमदार अभिनय के लिए





जाना जाता है और उन्होंने अपने करियर में कई प्रतिष्ठित किरदार निभाए हैं। 'छावा' पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया, जिसमें विक्की कौशल फुल एक्शन मोड में नजर आए, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान अक्षय खनन ने खींचा, क्योंकि टीजर में उन्हें पहचानना मुश्किल था। 'छावा' के टीजर के अंत में कुछ देर के लिए अक्षय खनन औरंगजेब के रोल में दिखाई देते हैं, लेकिन उनका लुक और एक्टिंग ऐसी ही एक्टर को पहचानने के लिए दोबारा टीजर देखना पड़ जाए। छावा' के साथ अक्षय खनन को औरंगजेब की भूमिका में दर्शक उन्हें एक नए अवतार में देख पाएंगे। ये देखना दिलचस्प होगा कि वो इस ऐतिहासिक कैरेक्टर को कैसे जीवित करते हैं। हालांकि, आधी बाजी उन्होंने टीजर के जरिए ही मार ली है।दर्शक उनकी इस नए किरदार को कितना प्यार देते हैं।

## बदलापुर में 4 साल की बच्चियों के यौन उत्पीड़न पर फूटा रितेश देशमुख का गुस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर देशभर में रोष व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में चार साल की दो ने यौन उत्पीड़न किया। स्कूल बच्चों के लिए उनके घरों की तरह सुरक्षित जगह होनी चाहिए। इस राक्षस को सबसे कठोर सजा मिलनी चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने समय में दोषियों को उनके कृत्य के अनुसार सजा



बच्चियों के साथ स्कूल के सफाईकर्मी द्वारा दुष्कर्म के केस ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इसको लेकर बदलापुर में मंगलवार को दिनभर बवाल होता रहा। दोषी को कड़े दंड की मांग करते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया। इस घृणित घटना पर बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख ने अपनी गुस्सा जाहिर किया है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। रितेश देशमुख ने एक्स पर की गई पोस्ट में लिखा, ठएक पिता के तौर पर मैं इस घटना से बेहद दुखी, क्रोधित और आहत हूं!! दो 4 साल की बच्चियों के साथ स्कूल के पुरुष सफाईकर्मी दी थी- चौरंग- हमें इन कानूनों को फिर से लागू करने की जरूरत है।महाराष्ट्र पुलिस ने इस मामले में आरोपी सफाईकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। जनता में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और दोषी को सख्त सजा देने की मांग तेज हो रही है। ऐसे में रितेश देशमुख का ये ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक्टर के इस ट्वीट पर लोग उनकी बात पर सहमति जताते हुए स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

## जासूस के बाद अब अंडरवर्ल्ड डॉन 'मुर्शिद' बनकर लौटे केके मेनन, कब और कहां देखें सीरीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** केके मेनन की वेब सीरीज 'मुर्शिद' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो चुका है। ये सीरीज एक थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें



के के मेनन एक बार फिर से अपनी दमदार अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आ रहे हैं। 'मुर्शिद' में उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन मुर्शिद पठान का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए एक बार क्राइम की दुनिया में कदम रखता है। ट्रेलर में कई ऐसे पल हैं जो दर्शकों को सीट से बांध कर रखते हैं। के के मेनन की गहरी आवाज और उनकी आंखों में बसी मिस्ट्री ने इस किरदार को और भी रोचक बना दिया है। सीरीज का बैकग्राउंड म्यूजिक और सिनेमैटोग्राफी भी बेहद प्रभावशाली है, जो दर्शकों को सीरीज के साथ जोड़े रखने का वादा करता है। मुर्शिद पठान एक रिटायर्ड डॉन है, जिसने 20 सालों तक मुंबई पर राज किया था। अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके मुर्शिद को एक बार गैंगस्टर बनने की रास्ते पर लौटना पड़ता है, क्योंकि मुर्शिद का पुराना दुश्मन फरीद (जाकिर हुसैन) उसके बेटे को एक खतरनाक स्कैम में फंसाता है। जब मुर्शिद अपने परिवार की रक्षा करने की कोशिश करता है, तो उसका पीछा इंस्पेक्टर कुमार प्रताप राणा (तनुज विरवानी) करता है, जो उसका गोद लिया बेटा भी है। हालांकि, उस पर लालची नेता राजनेता जयेंद्र (राजेश श्रृंगारपुरे) का गहरा असर है। 'मुर्शिद' ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम होने वाली है। ट्रेलर को देखकर दर्शक अब सीरीज के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये सीरीज थ्रिलर और ड्रामा के शौकीनों के लिए एक शानदार ट्रीट साबित हो सकती है। 'मुर्शिद' का डायरेक्शन श्रवण तिवारी ने किया है। के के मेनन, तनुज विरवानी और जाकिर हुसैन के साथ सीरीज में राजेश श्रृंगारपुरे और अनंग देसाई भी शामिल हैं। 'मुर्शिद' इस साल 30 अगस्त को जी5 पर स्ट्रीम होगी। केके फिलहाल जासूसी सीरीज शेखर होम में नजर आ रहे हैं, जो जिओ सिनेमा पर रिलीज हुई है। श्रीजित मुखर्जी निर्देशित सीरीज शर्लक होम्स के किरदार और कहानियों से प्रेरित है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।